हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 38.4 डिग्री
न्यूनतम 27.4 डिग्री

12 मांगों को लेकर कन्वेंशन 21 को, बैठक कर बनाई रणनीति


13 शिविर में आई 39 शिकायतें, मौके पर उपस्थित ...


फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
@PPJEWELLERSROHTAK
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
कोई पॉलिश नहीं | कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN

## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- लघुसचिवालय स्थित लिपिकों का धरना जारी
- महाविद्यालयों में ओपन काउंसलिंग जारी

## बिजली कट

- सुबह 7 से 08:30 बजे तक

डबल पार्क, चार खंबा, व तिकोना पार्क के आस-पास एरिया

## खबर संक्षेप



### सीसर खास में सरकारी स्कूल के बच्चों ने किया योग

**महम।** शुक्रवार को सीसर खास गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को योग का अभ्यास करवाया गया। एक दिवसीय योग कैंप का आयोजन आयुष विभाग द्वारा किया गया। जिसमें आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में कार्यरत योग सहायक विकास सिवाच व आयुष योग अनुदेशक भतेरी देवी ने विद्यार्थियों को योग करवाया और योग के फायदे बताए। बताया कि योग से शरीर स्वस्थ्य रहता है और मन प्रफुल्लित रहता है।

### अवैध हथियार बेचने वाला युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने आरोपी भारत उर्फ डॉलर को अवैध हथियार बेचने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी रोशनलाल ने बताया कि गांधी कैंप से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान प्रवीन निवासी गांधी कैम्प के रुप में हुई।

# कृषि विभाग में सीएम फ्लाइंग की छापेमारी से हड़कंप, 3.5 घंटे तक खंगाले दस्तावेज

## धान की सीधी बिजाई को लेकर चलाई जा रही स्कीम पर फोकस

- किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नहीं मिलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक कार्यालय पर छापेमारी करके सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के रिकॉर्ड की जांच पड़ताल की। फ्लाइंग सुबह नौ बजकर 40 मिनट पर कार्यालय पहुंची और सवा एक बजे रवाना हुई। टीम ने धान की सीधी बिजाई को लेकर चलाई जा रही स्कीम पर ज्यादा फोकस किया। सरकार को अंदेशा है कि स्कीम में अधिकारियों ने गड़बड़झाला किया है। इस योजना में किसानों की संख्या कम और पंजीकृत रकबा ज्यादा है। जो टारगेट सरकार ने विभाग के अधिकारियों को योजना में दिया, वह भी हासिल नहीं होने का सूचनाएं सरकार को मिली। ये सूचनाएं कितनी सही थी, इस इंक्वायरी के लिए फ्लाइंग ने कृषि कार्यालय पहुंची। पीएम किसान निधि सम्मान योजनाओं को लेकर भी फ्लाइंग ने सवाल खड़े किए हैं। सूत्र बताते हैं कि स्कीम में काफी किसानों की केवाईसी नहीं हुई है। मालूम हो कि पूरे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक कार्यालयों पर सीएम फ्लाइंग ने एक साथ छापेमारी की।





**रोहतक।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक कार्यालय पर छापेमारी के दौरान कागजों की जांच करती सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### धान की सीधी बिजाई पर सरकार किसानों को प्रति एकड़ चार हजार रुपये प्रोत्साहन के रूप देती है

ध्यान रहे कि धान की सीधी बिजाई पर सरकार किसानों को प्रति एकड़ चार हजार रुपए प्रोत्साहन के रूप देती है। पैसे देने का मकसद सिंचाई के लिए पानी की बचत करना है। प्रदेश के कई जिलों में रोहतक को छोड़कर जहां धान की खेती की जाती है, वहां का जमीनी पानी का स्तर लगातार कम हो रहा है। इसलिए सरकार चाहती है कि किसान धान तो पैदा करें। लेकिन वे इसमें पानी का प्रयोग कम से कम किया जाएगा। ताकि भूजल स्तर कम ना हो। धान की सीधी बिजाई करने पर पानी की काफी ज्यादा बचत होती है। फसल में पानी भरा नहीं रखना पड़ता। पांच सात दिन में ऐसे ही सिंचाई की जा सकती है,जैसे दूसरी फसलों में पानी लगाया जाता है।

### संबंधित नोडल अधिकारी से पूछताछ

सीधी बिजाई के अलावा किसान कल्याण की दूसरी योजनाओं का रिकॉर्ड भी पांच-छह सदस्यीय टीम ने जांचा है। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित किसानों की जानकारी ली। संबंधित नोडल अधिकारी से यह भी पूछा है कि पिछले चालू खरीफ सीजन में कितने किसानों ने फसल का बीमा करवाया है। और कितने ऐसे किसान पिछले सीजन में रहे,जिन्हें प्रीमियम देने के बाद भी फसल नुकसान का क्लेम नहीं मिल पाया। फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर भी अधिकारियों से पूछताछ की गई है। उन किसानों की सूची भी टीम साथ ले गई, जिन्होंने अनुदान पर फसल अवशेष प्रबंधन के कृषि यंत्र दिए गए हैं।

### कर्मचारियों की हाजिरी भी जांची

बीज विक्रेताओं के यहां कृषि विभाग ने कब-कब छापेमारी करके सैंपल लिए। इनमें से कितने फेल हुए और निर्माता कंपनी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, इस बारे में पूछताछ की गई। खाद और खेती में काम आने वाले दूसरे कीटनाशकों का रिकॉर्ड भी चैक किया गया है। कोर्ट में कितने केस विचारधीन हैं, इसका डाटा भी टीम अपने साथ ले गई। टीम ने सबसे पहले अधिकारी/ कर्मचारियों की हाजिरी भी जांची। लेकिन कोई गैर हाजिर नहीं मिला। सीएम विंडो के कितने केस बकाया हैं,इस बारे में उप निदेशक सुरेंद्र मलिक से पूछा गया।



**रोहतक।** टीम के साथ हरियाणा फ्लोरबाल सघं के प्रधान प्रवीन कौशिक , महासचिव डॉ. दीपेन्द्र आर्य व अन्य कोच। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रीय फ्लोरबाल चैंपियनशिप आज से

**रोहतक।** हरियाणा फ्लोरबाल सघं एवं भारतीय फ्लोरबाल महासंघ के सयुंक्त तत्वाधान महाराजा अग्रसेन बैक्वेट सेक्टर 21 में 20 से 22 जुलाई तक 18वीं राष्ट्रीय फ्लोरबाल चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न राज्यों की टीमें पहुंच चुकी हैं। इनमें तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, पानंडीचेरी, आन्ध्रप्रदेश, केरल, महाराष्ट्र, एमपी, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, बिहार, राज्यों की टीमें शामिल हैं। हरियाणा फ्लोरबाल सघं के प्रधान प्रवीन कौशिक ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। हरियाणा फ्लोरबाल सघं के महासचिव डॉक्टर दीपेन्द्र आर्य ने बताया की लगभग सभी टीमें आ चुकी हैं। शनिवार को सुबह 8 बजे से लीग मैच आरम्भ हो जाएंगें। शाम 4 बजे शुभारंभ ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त द्वारा किया जायेगा।

## मदविः नव-प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए 24 से 27 तक इंडक्शन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय सत्र 2024-25 हेतु स्नातकीय (यूजी) चार वर्षीय/पंचवर्षीय समेकित पाठ्यक्रमों में नव-प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए 24 से 27 जुलाई तक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन करेगा। एमडीयू के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. ए.एस. मान ने बताया कि 24 को इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे। अधिष्ठाता प्रो. मान ने बताया कि 24 को इंडक्शन प्रोग्राम का उद्घाटन सत्र, 27 को समापन सत्र तथा प्रत्येक दिन प्रातःकालीन सत्र टैगोर सभागार में आयोजित किया जाएगा। 24 से 26 तक इंडक्शन प्रोग्राम का दोपहर कालीन सत्र संबंधित विभागों में आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को इंडक्शन प्रोग्राम के सुचारू आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए अधिष्ठाता प्रो. मान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने कार्यक्रम बारे ब्रीफिंग दी। प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ ही प्रेरणादायी व्याख्यान होंगे।

# रुड़की में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**रोहतक।** गांव रुड़की स्थित खेत में एक युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक काफी समय से मानसिक रूप से परेशान था। आईएमटी थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सुबह करीब सात बजे सूचना मिली की गांव के ही एक खेत में पेड़ पर एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद मौके पर एफएसएल एक्सपर्ट सरोज दहिया टीम के साथ मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। मृतक की पहचान 22 वर्षीय विनोद निवासी रुड़की के रूप में हुई। युवक टेंट की दुकान में काम करता था। मृतक के पिता कृष्ण की शिकायत पर केस दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।



**रोहतक।** जांच करतीं एफएसएल एक्सपर्ट डॉ.सरोज दहिया व पुलिस कर्मी।

## सीसर खास निवासी सुनील की हत्या के मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने सीसर खास निवासी सुनील की हत्या की वारदात में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 14 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि गांव सीसर बडेसरा रोड पर स्थित ठेके के पास युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची तथा कार्यवाही शुरू की। मृतक युवक की पहचान सुनील निवासी सीसर खास के रुप में हुई। सुनील के भाई नवीन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी थी। जांच में सामने आया कि नवीन गांव सीसर खास में स्थित शराब के ठेके का देख रेख का कार्य करता है। 14 जुलाई को सुनील मोटरसाइकिल पर सवार होकर शराब के ठेके पर देखरेख के लिए गया। ठेके पर सचिन उर्फ भोलू, बलराम उर्फ मोंटी, सोहन उर्फ सोनू, अजय, अंकित, जयसिंह व अन्य युवकों ने पहले हुए लड़ाई-झगड़े की रंजिश रखते हुए सुनील की गोली मारकर हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान आरोपी सोहन उर्फ सोनू निवासी सीसरखास को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने वारदात में हथियार लेकर आया था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल का प्रॉस्पेक्ट्स जारी, कुलपति बोले

## एमडीयू हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्रावास में विद्यार्थियों को अनुकूल शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है। सत्र 2024-25 में हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल का प्रॉस्पेक्ट्स (प्रवेश विवरणिका) जारी करते हुए यह बात कही। प्रो. सिंह ने कहा कि बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल में विद्यार्थियों की होलिस्टिक डेवलपमेंट पर विशेष फोकस रहेगा। छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए ओपन जिम फैसिलिटी होगी। गर्ल्स हास्टल में जल्द ही सावित्री बाई फूले रीडिंग हॉल बनकर तैयार होगा, जिसमें 1000 छात्राओं को एसी हॉल में 24 घंटे पढ़ने की सुविधा मिलेगी।कुलपति ने कहा कि हास्टल में रहने वाले विद्यार्थियों की एक्स्ट्रा को करिकुलर एक्टिविटीज को बढ़ावा दिया जाएगा।



**रोहतक।** मदवि में बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल का प्रॉस्पेक्ट्स जारी करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान व कुलसचिव प्रो. तनेजा।

**व्यवस्था सुधारें** संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

# अधिकारी वार्डों में सफाई व्यवस्था का रोजाना लेंगे जायजा, कोताही बर्दाश्त नहीं

*नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्थ करने को लेकर नगन निगम के संयुक्त आयुक्त विजय सिंह ने शुक्रवार को बैठक कर अधिकारियों ने दिशा निर्देश दिए।

बैठक में सफाई कार्य की समीक्षा की गई, जिसमें तकनीकी शाखा व सफाई शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त आयुक्त ने बताया गया कि नगर निगम द्वारा सफाई कार्य को गंभीरता से लिया जा रहा है। बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने वार्डों में निरंतर निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें।



**रोहतक।** सफाई को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते संयुक्त आयुक्त।

### सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी न हो

संयुक्त आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक शौचालयो में गंदगी नहीं होनी चाहिए, अगर उनमें किसी प्रकार की कमी, खामी है तो उसको तुरंत ठीक करवाया जाये ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा नालों की सफाई का कार्य निरंतर जारी है, शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने गांव सुनारियां, जींद रोड डूंगी गोहरी, जींद चौक से सुखपुरा चौक तक आदि नालों की सफाई का कार्य करवाया गया। इसके अतिरिक्त सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान के तहत नगर निगम की विभिन्न टीमों द्वारा आमजन को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करने की जागरूकता के लिए न्यू राजेंद्रा कालोनी में विशेष अभियान चलाया गया। टीम ने लोगों से कहा कि गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग इकट्ठा करके ही कूड़ा गाड़ी में डालें।

### ये रहे मौजूद

बैठक में कार्यकारी अभियंता अमित कुमार, नगर अभियंता सुनील कुमार, तरूण कुमार, वीरेंद्र हुड्डा, शांत कुमार, मुख्य सफाई निरीक्षक सुन्दर सिंह व हर्ष चावला आदि उपस्थित रहे।

## राजकीय बहु तकनीकी संस्थान महम के पूर्व छात्र का आईआईटी भुवनेश्वर में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम के राजकीय बहु तकनीकी संस्थान के पूर्व छात्र लक्की का आईआईटी भुवनेश्वर में चयन हुआ है। उनके चयन पर पॉलिटेक्निक संस्थान में खुशी का माहौल है। संस्थान के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि संस्थान की मैकेनिकल इंजीनियरिंग विंग के छात्र लक्की को आईआईटी भुवनेश्वर में कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश मिला है। लक्की के परिजनों और संस्थान प्रबंधन के लिए यह गर्व की बात है। वर्ष 2023 में राजकीय बहु तकनीकी संस्थान महम से लक्की ने मकैनिकल इंजिनियरिंग में डिप्लोमा किया था। यह छात्र शुरू से ही होनहार रहा है। जो शुरू से ही पढाई तथा दूसरी गतिविधियों में अव्वल रहा है। इस तरह ईमानदारी से मेहनत करके इन्होंने मिसाल कायम की है। प्रिंसिपल दिनेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण आंचल कि प्रतिभाओं की कमी नहीं है। दूसरे विद्यार्थियों को भी इस छात्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रिंसिपल व स्टाफ सदस्यों ने लक्की को संस्थान में बुलाकर सम्मानित किया। ताकि यहां पढ़ने वाले बच्चे उनसे प्रेरित हो सकें। स्टाफ सदस्यों ने उनकी इस उपलब्धि पर उसका मुंह मीठा करवाया। इस मौके पर प्राध्यापक कृष्ण कुमार, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



**महम।** आईआईटी भुवनेश्वर में दाखिला होने की खुशी में छात्र लक्की को सम्मानित करते राजकीय बहु तकनीकी संस्थान महम के प्रिंसिपल दिनेश कुमार।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस दो मोबाइल व 12 हजार रुपये चोरी

**रोहतक।** न्यू ठिकाना साहिब गुरुद्वारा डेयरी वल्ली गली स्थित एक घर में घुसकर दो मोबाइल व 12 हजार रुपये नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमित ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 व 19 की रात्रि अज्ञात व्यक्ति घर में घुस गया। फिर दो मोबाइल फोन व करीब 12 हजार रुपये नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि भैराण निवासी सचिन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि 12 जुलाई को सचिन ने सिविल अस्पताल महम लाइब्रेरी के पास अपनी मोटरसाइकिल को खड़ा किया हुआ था। वापिस आने पर सचिन को अपनी मोटरसाइकिल नहीं मिली। जांच के दौरान 18 जुलाई को आरोपी सतीश निवासी बहलम्बा को गिरफ्तार किया है।

### संस्कृति मॉडल स्कूल के पास मिला अज्ञात शव

**सांपला।** खंड शिक्षा अधिकारी व संस्कृति मॉडल स्कूल के पास एक अज्ञात शव मिला है। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेढ़ हाउस भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के चेहरे पर हल्की चोट का निशान है, जिसके नाक से खून निकला हुआ है। पुलिस का कहना कि पोस्टमार्टम के बाद ही सही घटना का पता चल सकेगा।

# बकाया भुगतान करने और संपत्ति खुद प्रमाणित पर टैक्स में छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम द्वारा 30 सितंबर तक वर्तमान वित्तवर्ष व वर्ष 2010-11 से लेकर 2023-24 तक के बकाया संपत्तिकर पर 15 प्रतिशत की छूट व देरी फीस अर्थात 1.5 प्रतिशत ब्याज राशि, पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट दी गई है, लेकिन यह छूट उन संपत्तिधारकों को दी जायेगी जो संपत्ति कर का बकाया भुगतान और पोर्टल पर अपनी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करते हैं। साथ ही निर्धारण वर्ष 2023-24 तक अपने कुल संपत्तिकर के बकाया का भुगतान करते हैं। सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाणपत्र पोर्टल पर कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को भी निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे आमजन से प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द नियमानुसार समाधान करें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो सके व सरकार द्वारा दी जा रही विशेष छूट का लाभ ले सकें।

■ आमजन से प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द नियमानुसार समाधान करें



### लगाए जा रहे कैंप

बता दें कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में आमजन की सुविधा के लिए एवं उनकी सम्पत्ति की सूचना स्वतः प्रमाणित करवाने के लिए वार्डनुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नगर निगम के कर्मचारी सम्पत्ति की सूचना को स्वतः प्रमाणित करवाने के कार्य में सहयोग कर रहे हैं। नगर निगम आयुक्त अजय कुमार ने लोगों से अपील की है कि वे अपना बकाया सम्पत्तिकर तुरंत जमा करवायें तथा सरकार द्वारा बकाया संपत्तिकर व ब्याज राशि की माफी पर दी जा रही छूट का लाभ उठायें।

### पीएम विश्वकर्मा योजना की हुई समीक्षा बैठक

**रोहतक।** लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक में नगराधीश अंकित कुमार ने विश्वकर्मा योजना की प्रगति रिपोर्ट के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वे योजना का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बन अपना उद्यम स्थापित करें तथा विकसित भारत में अपना योगदान दें। इस योजना के तहत 15 हजार रुपये तक की टूल किट और तीन लाख तक की राशि 5 प्रतिशत ब्याज पर बिना जमानत के लोन, मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मांगों को लेकर कन्वेंशन 21 को, बैठक कर बनाई रणनीति

## कहा-सरकार कर रही मांगों की अनदेखी,कर्मचारी विरोधी नीतियों के बारे में चर्चा की जाएगी



**रोहतक।** मीटिंग करते नगर पालिका कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ये हैं मांगें

- ▶▶ सेवाए नियमित करने, सामान कम सामान वेतन, सुविधाए एव नौकरी सुरक्षा
- ▶▶ वर्ष के कार्यकाल की सेवा दे चुके कर्मियों को नियमित नीति बनाकर स्थाई किया जाये
- ▶▶ एनपीएस को समाप्त कर 2006 से हुए भर्ती कर्मियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये
- ▶▶ हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाये
- ▶▶ सभी कच्चे कर्मचारियों की पिछले चार वर्षो से 20 फीसदी के हिसाब से वेतन बढ़ोतरी की जाये
- ▶▶ सभी वर्गो की वेतन विसंगतिया दूर की जाये
- ▶▶ केंद्र का आठवां एवं हरियाणा का अलग से वेतन आयोग का गठन किया जाये -
- ▶▶ ऑनलाइन तबादला नीति बंद की जाये
- ▶▶ एनएचएम यूनिवर्सिटी के मेस वर्कर, केंद्र एव राज्य सरकार की परियोजनाओं में पदों की स्वीकृति करते हुए उनकी सेवाएं नियमित की जाये
- ▶▶ प्रदेश में जनसंख्या दर के आधार पर पदों को स्वीकृत करते हुए सभी खाली पदों की स्थाई भर्ती की जाये, अनुकम्पा नियुक्ति में पहले 5 वर्षो एवे 52 वर्ष की आयु की शर्ते हटाई जाये
- ▶▶ सभी प्रकार के छटनी ग्रस्त कर्मियों को बहाल किये जाये, पॉवर बिल 2023, रोड सेफ्टी बिल एवं चार लेबर कोड बिल निरस्त किये जाये
- ▶▶ निजीकरण, आउटसोर्सिंग, ठेका प्रथा जैसी नीति पर रोक लगाई जाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर पालिका कर्मचारी संघ की बैठक शुक्रवार को नगर निगम में हुई। जिसमें विभिन्न मांगों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ रोहतक ईकाई के प्रधान संजय बिडलान ने की। संघ के पददाधिकारियों ने बताया कि 21 जुलाई को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा एक राज्य स्तरीय कान्वेंशन रखी गई है, जो रोहतक सर्व कर्मचारी संघ के कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें पूरे हरियाणा की सभी नगर परिषद्, नगर निगम की ईकाईयों के पदाधिरी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस कान्वेंशन में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के बारे में चर्चा की जाएगी और साथ ही सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर संजय बिड़लान, श्रवण बोहत महासचिव, विक्की बिडलान कोषाध्यक्ष, अनिल कांगड़ा जिला प्रधान, मन्नू चांवरिया संरक्षक, राजेश बागड़ी उप प्रधान सर्व कर्मचारी संघ, जतिन, अंकित आदिवाल, अरुण बिडलान, जितेंद्र शर्मा, रवि चड्डा, सतपाल बिडलान, सौरव बागड़ी, संजय भोला, कंवल राणा, योगेश बिडलान, वीरेंद्र, पवन राणा, शिंटू कांगड़ा, दीनदयाल, रविन्दर, सोमी बोहत, सुरेन्द्र चावरिया, अमित बिडलान आदि।

# सरकार क्रियान्वित कर रही कल्याणकारी योजनाएं : डीसी



**रोहतक।** लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए भजन प्रचारक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश सरकार का यही लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं। यह जानकरी उपायुक्त अजय कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि आमजन को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन मंडलिया गांव-गांव जाकर गीतों व भजनों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है। विभाग द्वारा 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिला के प्रत्येक गांव को कवर किया जाएगा।अजय कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। संबंधित विभागों के अलावा सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा आम जनता तक इन योजनाओं की जानकारी निरंतर पहुंचाई जा रही है ताकि सभी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके।

सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सभी विभागों को सख्त हिदायतें जारी की गई है कि वे अपने कार्यालय में आने वाले लोगों को संबंधित विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्रता अनुसार लोगों को योजना का अविलंब लाभ दिया जाए।

# कॉएनोस अस्पताल बना क्षेत्र का पहला रोबोटिक सर्जरी सेंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेड़ी साध बाइपास स्थित कॉएनोस सुपर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रदेश के लोगों की बीमारियों के इलाज में नित नए आयाम छू रहा है। मिनिमल एक्सेस जीआई सर्जन डॉ. आनंद यादव ने बताया कि कॉएनोस अस्पताल क्षेत्र का पहला ऐसा अस्पताल है, जहां एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी की जा सकेगी। हमारी टीम में सर्जरी की एक अनुभवी एवं प्रशिक्षित टीम है। इस टीम में नाक और गले कैंसर सर्जन



डॉ. शशांक चौधरी, गैस्ट्रो कैंसर सर्जन डॉ. राजेश गोदारा, यूरोलॉजी सर्जन डॉ. अनंत दलाल, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. हरवीन कौर शामिल हैं। जोकि रोबोटिक सर्जरी द्वारा जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी सर्जरी, बेरियाट्रिक सर्जरी, स्त्री रोग की सर्जरी के साथ-साथ कैंसर जैसी जटिल सर्जरी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोबोट सर्जरी में सर्जन की सहायता करता है।

### अब तक 10 सर्जरी

कॉएनोस अस्पताल ने अब तक 10 सफल रोबोटिक सर्जरी की हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार की सर्जरी शामिल हैं। रोबोटिक सर्जरी में सभी जटिल ऑप्रेशन जैसे कि गुर्दे, प्रोस्टेट, बच्चेदानी, पित्त की थैली, मुश्किल बड़े हर्निया, एवं दिल आदि के ऑप्रेशन किए जा सकते हैं।



### एडीसी वैशाली सिंह ने अर्पण संस्था का दौरा किया

**रोहतक।** जिला अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह द्वारा अर्पण बाल दिव्यांग और सरवन संस्था का निरीक्षण किया गया। समाज कल्याण अधिकारी महावीर गोदारा और अर्पण संस्था इंचार्ज नीलम ने एडीसी का संस्था में पहुंचने पर स्वागत किया। अर्पण के दिव्यांग बच्चों ने तिलक लगाकर और वेलकम ग्रीटिंग कार्ड देकर संस्था में एडीसी का सवागत किया। एडीसी वैशाली सिंह ने दोनों संस्थाओं द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों के रहन-सहन स्तर का, हॉस्टल सुविधा का जायजा लिया। बच्चों की ट्रेनिंग को देखा व बच्चों से बातचीत की। उन्होंने संस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए दोनों संस्थाओं से सुझाव मांगे है। एडीसी द्वारा संस्था में पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर दोनों संस्थाओं के स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के बच्चों ने उठाया रेनी डे का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट के बच्चों ने रेनी डे सेलिब्रेशन में धमाल मचाकर अपनी खुशी को जाहिर किया। जिसमें नर्सरी, केजी व यूकेजी के बच्चों ने शिरकत की। विद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित रेनी डे एक्टिविटी में लिटिल चैंप्स ने रंग-बिरंगे अम्ब्रेला लेकर अध्यापकों की निगरानी में खेलते हुए भरपूर आनंद उठाया। बच्चों ने चक धूम धूम, चक धूम धूम गीत की धुन पर जमकर डांस किया। इन विभिन्न क्रियाओं के चलते बच्चों से बरसात के मौसम में पसद्रीदा खाने के बारे में पूछा तो उन्होंने विभिन्न प्रकार की डिशेस के नाम बताए जैसे पकौड़े ,जलेबी, घेवर, खीर आदि। प्राचार्या डॉ. ममता मलिक ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीन विकास



के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ इस तरह की सांस्कृतिक और मनोरंजन गतिविधियों की भी आवश्यकता पड़ती है। खेल-खेल में मिली शिक्षा बच्चों के लिए मनोरंजन बन जाती है जिससे बच्चों की सोच में बदलाव आता है। इस अवसर पर उपप्राचार्या मशेंका, सीमा दुआ, कनिका चावला, साक्षी आहूजा, पुरुषार्थ, सागर आदि मौजूद रही।



### वेद मॉडल में मनाया विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस

**रोहतक।** कलानौर स्थित वेद मॉडल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया गया। यह दिन युद्धा अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के पीड़ितों को न्याय दिलाने के महत्व को दर्शाता है। इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें आर्यभट्ट सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्कूल के बच्चों ने बाल श्रम, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण मौलिक अधिकार विषयों पर प्रदर्शनी लगाकर सभी को जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल डायरेक्टर उर्मिल बौदवाल व प्राचार्या उषा रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

## उपकार हाई स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

रोहतक। गोहाना रोड स्थित उपकार हाई स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार भाग में संपन्न हुई। विजेता टीम को स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर वैभव कायत तथा स्कूल प्रधानाचार्या सीमा श्योराण ने पुरस्कार वितरित किए। प्रधानाचार्या ने कहा कि




प्रतियोगिताओं के कारण छात्र शिक्षा में अच्छे परिणाम के लिए प्रतिस्पर्धा करना सिखाते हैं और भाषा कौशल, वर्तनी कौशल, संचार कौशल का विकास करते हैं। इस दौरान स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

### राजकीय मॉडल संस्कृति में हुई खंड स्तर पर प्रतियोगिता

**रोहतक।** लाखनमाजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तर की कानूनी जागरूकता विषय पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। खंड स्तर के लगभग सभी विद्यालयों से आए सैकडों विद्यार्थियों ने भाषण, नारा लेखन, निबंध लेखन, वाद विवाद, कविता वाचन, नाटिका मंचन, प्रश्नोत्तरी इत्यादि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अधिकारी यक्ष गोयल तथा खंड शिक्षा अधिकारी रीतु पंघाल ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य जितेंद्र मलिक, श्यामदेव, सरोज नारा, मंजू ने निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम के संयोजक बीआरपी मीनाक्षी व संदीप ने सभी विद्यार्थियों में फलों का वितरण कराया।

# सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया। जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10



■ कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने जताई खुशी

विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुपता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

## कला संकाय में सामान्य श्रेणी की सभी सीटें फुल

# दूसरी सूची के बाद भी गवर्नमेंट कॉलेज महम में सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राजकीय महाविद्यालय महम में स्नातक प्रथम वर्ष के दाखिलों की प्रक्रिया जारी है। पहली और दूसरी कट ऑफ लिस्ट लगने के बाद भी काफी सीटें खाली हैं। इच्छुक विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर दाखिला ले सकते हैं।

एडमिशन कमेटी के कन्वीनर दीपक बेरवाल ने बताया कि बीए प्रथम वर्ष के लिए उनके यहां पर 640 सीटें हैं। जिनमें से 420 सीटें भरी जा चुकी हैं। सामान्य श्रेणी की फिलहाल कोई सीट खाली नहीं है। लेकिन एससी, बीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणियों की 20 सीटें अभी भी खाली हैं। राजकीय महाविद्यालय महम की दाखिला कमेटी के ऑवर आल इंचार्ज सुरेश अहलावत ने बताया कि बी कॉम की 160 सीटों पर 27 विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। बाकि सीटें अभी खाली हैं। इसी प्रकार बीएससी की 160 सीटें हैं, जिनमें से केवल 11 विद्यार्थियों ने ही एडमिशन लिया है, बाकि सीटें रिक्त हैं। बीसीए की 80 सीटों पर 43 विद्यार्थियों ने प्रवेश




लिया है। बाकि सीटें रिक्त हैं। बीएससी मैथ ऑनर्स की 40 सीटों पर 11 विद्यार्थियों ने दाखिला लिया है। बाकि सीट खाली हैं। प्राध्यापक सुरेश अहलावत ने बताया कि खाली सीटों पर दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी हायर एजुकेशन हरियाणा के पोर्टल पर जाकर ऑन लाइन आवेदन कर सकते हैं। क्योंकि अभी दाखिले के लिए पोर्टल खुला हुआ है। लेट फीस के साथ दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। 5 जुलाई को स्नातक कक्षाओं में दाखिले की पहली कट ऑफ लिस्ट लगी थी। जबकि दूसरी कट ऑफ लिस्ट 12 जुलाई को लगाई गई थी।

### 30 जुलाई तक फीस भरें

प्रिंसिपल रोहित कुमार ने बताया कि स्नातक की द्वितिय और तृतीय वर्ष की कक्षाओं में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को 30 जुलाई तक फीस जमा करवानी है। यह फीस पार्टल पर ऑन लाइन भरी जाएगी। सूचना के लिए कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर दाखिला सूचना चस्पा कर दी गई है। यदि दाखिले के संबंध भी किसी विद्यार्थी को कोई दिक्कत है, तो वह कम्प्यूटर विभाग के सहायक प्राध्यापक सुरेश अहलावत से संपर्क कर सकते हैं।

## चौ. लखीराम अनाथालय आश्रम में रेफ्रिजरेटर व सरसों का तेल भेंट किया



**रोहतक।** हुडा काम्प्लेक्स स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच द्वारा बैंक के 117वें स्थापना दिवस के उपलक्ष पर चौधरी लखीराम अनाथालय आश्रम में 236 लीटर का रेफ्रिजरेटर तथा 45 लीटर सरसों का तेल भेंट किया। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चौधरी लखीराम अनाथालय संस्था के प्रधान एवं अन्य कर्मचारियों ने बैंक ऑफ बड़ौदा का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### अटायल स्कूल में श्रेष्ठ छात्रों को किया सम्मानित

**सांपला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अटायल में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुमन हुड्डा व समन्वय अधिकारी जयभगवान रहे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारी ने कहा कि हर विद्यार्थी को शिक्षा और खेल दोनों में अपनी अहम भूमिका रखनी चाहिए।

### महिलाओं को उच्च शिक्षा ऋण पर दी जा रही सब्सिडी

**रोहतक।** हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा छात्राओं पर शिक्षा ऋण के भार को कम करने के लिए पांच प्रतिशत ब्याज राशि बतौर सब्सिडी दी जा रही है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि योजना के तहत हरियाणा मूल की छात्राएं एवं हरियाणा सरकार में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों की बेटियां और पत्नी पात्र होंगी, जो देश-विदेश में कहीं पर भी शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। ऋण बैंक की उच्च शिक्षा स्कीम के अनुसार ही दिया जाएगा।

### हड्डा और बत्रा ने 10 साल में क्यों नहीं ली सुधः ग्रोवर

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने गढ़ी सापला किलोई से विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा और रोहतक विधायक भारत भूषण बत्रा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि 2004 से लेकर 2014 तक कलम उनके पास थी। तब हाउसिंग बोर्ड की जल भराव की समस्या की सुध क्यों नहीं ली। उन्हें जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं था। आज जब भाजपा सरकार ने बूस्टर प्रोजेक्ट के लिए पैसा जारी किया तो कांग्रेस नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है।



### शहीद मंगल पांडेय की जयंती मनाई

**रोहतक।** आज अगर हम स्वाधीन भारत में सांस ले रहे हैं, तो इसका श्रेय उन सेनानियों को जाता है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर देश को आजादी दिलाई। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ सबसे पहले 1857 में बिगुल फूंकी गई और इसे उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में पैदा हुए मंगल पांडेय ने अंजाम दिया था। मंगल पांडेय ने 1857 में भारत के पहले स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह विचार शुक्रवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में शहीद मंगल पांडेय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनको पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने रखे।

हर शिकायत के निदान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 9 से 11 तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे

# शिविर में आई 39 शिकायतें, मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार एवं उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के तुरंत निपटारे के निर्देश दिए। वैशाली सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनता के लिए नई पहल के तहत हर शिकायत के निदान के लिए प्रत्येक कार्य दिवस सुबह 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को समाधान शिविर में 39 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निपटारे के लिए दिया गया।

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार, उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त हुई शिकायतें का शीघ्र निपटान करें। वैशाली सिंह ने कहा कि शिविर आयोजित करने का प्रमुख लक्ष्य है कि एक स्थान पर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों का मौके पर तुरंत निपटारा करें ताकि आम जनता को विभिन्न विभागों के अलग-अलग कार्यालयों में चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने लोगों की शिकायतें सुनते हुए शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा उनकी सभी शिकायतों का यथासंभव निपटारा किया जाएगा।



**रोहतक।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार उपमंडलाधीश आशीष कुमार।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, नगर निगम के उप निगम आयुक्त जितेंद्र कुमार, हाइड्रोलोजिस्ट दलबीर राणा, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वीरेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा आदि मौजूद रहे।



**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलते जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व अन्य पदाधिकारी।

# पूर्व सीएम हुड्डा से मिले प्रधान गुलाब सिंह दिमाना

- जाट शिक्षण संस्था की समस्याओं से करवाया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और महासचिव नवदीप व गवर्निंग बॉडी के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलकर जाट शिक्षण संस्था से संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया। पूर्व मुख्यमंत्री ने गुलाब सिंह दिमाना को प्रधान बनने पर व अन्य पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संस्था के चहुंमुखी विकास के लिए हर संभव सहायता करने का आश्वासन देते हुए समय के अनुसार संस्था में रोजगारपरक नए-नए कोर्स लाने का सुझाव भी दिया। प्रधान दिमाना ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री से संस्था के सभी स्कूलों व कॉलेजों की बेहतरी के लिए बहुत ही सकारात्मक और विस्तार से बातचीत हुई। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को बताया गया कि संस्था द्वारा आठ स्कूल व कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं। जिनमें बिल्डिंग के साथ-साथ स्टाफ की भी काफी कमी है। उन्होंने संस्था की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का भरोसा दिया। साथ ही भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने यह भी कहा कि उत्तर भारत की 100 वर्ष से ज्यादा पुरानी जाट शिक्षण संस्था इस क्षेत्र की ही नहीं संपूर्ण देश की एतिहासिक व पूज्यनीय धरोहर है।

### ऑल इंडिया इंस्पेक्टर्स एसो. के संयुक्त सचिव बने आशीष राठी



**रोहतक।** जिले में नियुक्त खाद्य निरीक्षक आशीष राठी को ऑल इंडिया इंस्पेक्टर्स एसोसिएशन का संयुक्त सचिव चुना गया है। विशेष बात यह है कि राठी का यह चुनाव देशभर के 18 हजार निरीक्षकों में से किया गया है। बता दें कि इससे पूर्व आशीष राठी दिल्ली-हरियाणा जोन की एसोसिएशन में भी संयुक्त सचिव रह चुके हैं। इन्होंने अपने पद पर रहते हुए कई सराहनीय कार्य किए। रोहतक निवासी आशीष ने शुरुआती प्रशिक्षण में भी नेतृत्व कौशल और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से नवाजा जा चुका है। आशीष ने अपने कार्यों की बदौलत न केवल अपना बल्कि अपने शहर रोहतक का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है।

# प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का जिला टीम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका, मेयर मनमोहन गोयल व अन्य कार्यकर्ता।

तीन दिन के प्रवास पर रोहतक पहुंचे प्रदेश भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया का जिला टीम ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में अभिनन्दन किया गया। डॉ. सतीश पुनिया ने कहा कि रोहतक की पावन धरा पर आकर मुझे हमेशा ही खुशी मिलती है। रोहतक हरियाणा की राजनैतिक राजधानी है। यहां जो विचार जनता के हित में सोचे जाते हैं निश्चित ही वो इतिहास बन जाते हैं। जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि यह भव्य स्वागत डॉ. पूनिया के व्यक्तित्व के लिए जंचता है। डॉ. पूनिया के कुशल नेतृत्व में भाजपा पुनः सरकार बनाएगी, यह पूर्ण विश्वास है। इस मौके पर मेयर मनमोहन गोयल, कृष्णमूर्ति हुड्डा, नरेंद्र खट्टर, रेणु डाबला, राजबाला चहल, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, उदयभान मलिक, आशा शर्मा, डॉ. अशोक रंगा, सौरभ कुमार, सुभीता जांगड़ा, हैप्पी जांगड़ा, वजीर खोखर, अजय खुंडिया, बंसी विज, रोहतास हुड्डा, जोनी सरोहा, अशोक वर्मा, संजय बल्हारा, अमित बंसल आदि आदि मौजूद रहे।

# स्लोगन लेखन में साक्षी और डॉक्यूमेंट्री में आदित्य प्रथम

- पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में खंड स्तरीय कानून साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक




पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में शुक्रवार को खंड स्तरीय कानून साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रोहतक ब्लॉक के विभिन्न प्राइवेट व सरकारी विद्यालयों ने भाग लिया। इस दौरान स्लोगन लेखन में साक्षी ने प्रथम, तन्वी ने द्वितीय और हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता में आदित्य ने प्रथम, प्रेजीता ने द्वितीय व पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह से वाद विवाद में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन की टीम प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहरावर की टीम द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमारिया की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं पीपीटी में निकिता प्रथम, सारिका द्वितीय, दीपांशी ने तृतीय, कविता में अंजू ने पहला, छवि ने दूसरा और लक्षिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। निबंध लेखन में रिया प्रथम, प्राची द्वितीय, पल्लवी तृती, पेंटिंग में स्नेहा प्रथम, बिपाशा द्वितीय, इशांत ने तृतीय, भाषण में चित्राक्षी प्रथम, अंशुल द्वितीय व मनीषा ने तृतीय, क्विज में पठानिया पब्लिक स्कूल ने पहला, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंसाला ने दूसरा व जॉन वेसले कान्वेंट ने तृतीय स्थान हासिल किया। नाटक में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करौंथा प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांघी ने द्वितीय व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धामड ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, खंड शिक्षा अधिकारी रंजना दलाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को बीइओ द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन कानून साक्षरता की ब्लॉक नोडल ऑफिसर अंजू डबास व मॉडल टाउन विद्यालय के डीडीओ रणवीर ने किया।

# यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में गांव कन्हेली के सुमित ने 41वीं रैंक की हासिल

- गांव में खुशी का माहौल, बधाई देने वालों का लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एपीएफसी परीक्षा 2024 के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में जिला रोहतक के गांव कन्हेली के सुमित सुपुत्र सुरेंद्र ने 41वीं रैंक हासिल की है। अपनी इस उपलब्धि पर सुमित व उसका परिवार बेहद खुश हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद जैसे ही ग्रामीणों को पता चला कि गांव के बेटे सुमित ने 41वीं रैंक हासिल की है। उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लग गया। 34 वर्षीय सुमित ने बताया कि उन्होंने इस परीक्षा के लिए दिन रात एक करके पढ़ाई की है और आज उनकी मेहनत रंग लाई है। उन्होंने बताया कि एपीएफसी के लिए चयनित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चे हैं और वे एक किसान परिवार से हैं। उन्होंने बताया कि परिवार से भरपूर सहयोग मिला जिसकी वजह से वे इस मुकाम पर पहुंच पाए। इस मौके पर पिता सुरेंद्र, माता मुन्नी देवी, धर्मपत्नी अनिता, जगत सिंह दलाल, देवेंद्र दहिया, बृजभान सहित परिवार व ग्रामीणों मौजूद रहे।

# संकट मोचन मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर होगा गुरु पूजन भजन संध्या व प्रवचन



**रोहतक।** माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा रविवार को धूमधाम मनाई जाएगी। मंदिर को आकर्षित लाइटों से सुसज्जित और देवी देवताओं की साफ सफाई की जा रही है। साध्वी मानेश्वरी देवी, ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री और देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर उज्जवल भविष्य व सुख-समृद्धि की कामनाएं करेंगे। कार्यक्रम में सुबह 10 से 11 बजे गुरु पूजन, 11 बजे हांसी से भजन गायिका पूनम मल्होत्रा मधुर वाणी से भजन करेंगी। तत्पश्चात आरती, आर्शीवचन और दोपहर 1 बजे भंडारे होगा। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।

# सरकार ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो. की मांगों की अनदेखीः गुलशन ईशपुनियानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



गुलशन ईशपुनियानी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा है। गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन की मांगों की अनदेखी की है। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक ने सोमवार को दो घंटे की हड़ताल भी की थी। बुधवार को सरकार के साथ बातचीत भी विफल रही, अब डॉक्टर 25 को पूर्ण हड़ताल करेंगे। कांग्रेस के शासन में ऐसा कभी नहीं हुआ कि डॉक्टर हड़ताल करने पर मजबूर हुए होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा को समझ नहीं आ रहा कि करें क्या, कर्मचारी से लेकर हर वर्ग भाजपा से तंग है। गुलशन ईशपुनियानी ने किसानों के मुद्दों पर कहा कि फसल बीमा योजना 2016 में शुरू हुई थी, लेकिन आज भी किसान बीमा के इंतजार में हैं। फसल बर्बाद होने के बाद मिलने वाला क्लेम भी नहीं मिल रहा। फसल बीमा के लिए पंजीकरण 31 जुलाई तक होता है, लेकिन सरकार दूसरी एजेंसियों पर निर्भर होती है।

# एसजेके कॉलेज कलानौर में वन महोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



**रोहतक।** पौधरोपण करते हुए पूर्व राज्यसभा सासंद शादी लाल बत्तरा ,प्राचार्य डॉ . नरेश कुमार दुआ व अन्य एनएसएस के विद्यार्थी।

सत जींदा कल्याणा कॉलेज कलानौर में शुक्रवार को एनसीसी, एनएसएस व पर्यावरण क्लब के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जामुन, नीम, आंवल, अमरूद व अनार के लगभग 101 पौधे रोपित किए गए। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान व पूर्व राज्यसभा सासंद शादी लाल बत्तरा ने जामुन व सचिव महेंद्र खुराना ने आंवले का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने इस दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने व उसे ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए हर वर्ष जुलाई व अगस्त माह में पौधरोपण करना चाहिए व समय-समय पर लगाए पौधों की देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएनओ डॉ. विकास कुमार, डॉ. दीपा जुनेजा, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. मानसा रॉय, डॉ. उमेश कुमार व पर्यावरण क्लब की संयोजिका उर्मिल दलाल के निर्देशन में हुआ।

### साध्वी सुमन का तेरापंथ भवन में हुआ मंगल प्रवेश

**रोहतक।** ग्रीन रोड स्थित जैन तेरापंथ भवन में तेरापंथ धर्म संघ के एकादशम अनुशास्ता युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी सुमन श्री जी ठाणा चार ने आध्यात्मिक रैली के साथ तेरापंथ भवन में चातुर्मासिक मासिक मंगल प्रवेश किया। जहां श्रावक समाज ने उनका अभिनंदन किया। साध्वी सुमन ने कहा कि स्वागत वेश का नहीं होता अपितु स्वागत त्याग और संयम का होता है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

HARTRON
(हरियाणा सरकार का उपक्रम)
COMPUTER TRAINING & SKILL CENTRE
हार्ट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
AS PER HARYANA GOVT. NOTIFICATION DATED 19/09/19 SETC (PART-1) EXEMPTED AFTER SIX MONTHS/ONE YEAR COURSES
Diploma/Certificate Course in
- Software
- Financial Accounting
- Web Technology
- Desktop Publishing
- Hardware & Networking
Short Term Courses
- Office Automation
- Digital Marketing
- Software Testing
- Fundamental of Cyber Security
Features
- Computer Courses as per current IT market
- Excellent Curriculum
- Regular/Part time classes
- Well Trained and Qualified Faculty
- CCTV, Biometric Attendance System
- Flexible Timing for job Holders
- Air-Conditioned Labs & Theory Rooms
- Computer Labs for Practice Sessions
185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930

मलिक मनोरोग चिकित्सा केन्द्र

- मन उदास रहना (डिप्रेशन),
- चिन्ता करना, नींद की समस्याए
- फिजूल के विचार आना (OCD)
- सिरदर्द (माइग्रेन)
- शक-वहम होना
- सभी प्रकार के दौरे
- बाईपोलर डिसार्डर
- भूलने की बीमारी
- नशा मुक्ति
- अत्यधिक गुस्सा करना
- घबराहट
- बेचैनी
- स्किजोफ्रेनिया,
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
यहाँ पर हर प्रकार की मानसिक बीमारियों का इलाज किया जाता है।
यहाँ पर COUNSELLING के द्वारा भी इलाज किया जाता है।
APPOINTMENT की सुविधा भी उपलब्ध है।
Malik Neuropsychiatry Centre
SCO No. 31, Sector 2 Market, Near Rathi Eye Hospital, Rohtak.
समय- 9 AM से 7 PM
डॉ. आशीष मलिक
Ex. Registrar, PGIMS, Rohtak
M. 8307676466
8685805302




| MRP. | Elenta Mart RATE | Market RATE |
|---|---|---|
| Tropicana Juice ₹125 | ₹62.5 | ₹107 |
| Lahori Jerra 24 pc.₹240 | ₹182 | ₹210 |
| Super Strong finial ₹240 | ₹90 | ₹200 |
| Dabur Honey ₹399 | ₹187.53 | ₹329 |
| Cadbury Chocolate Fuse ₹120 | ₹60 | ₹114 |
| Dabur Almond Oil ₹305 | ₹152.5 | ₹199 |
| Atta 24 Mantra Organic ₹380 | ₹190 | ₹369 |
| SEE PRICE DIFFERENCE | ₹924.53 Elenta Mart TOTAL | ₹1558 Other Store TOTAL |